अग्रवाल महाविद्यालय, बल्लबगढ़ के तत्वावधान में 27 मार्च 2017 को प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ कालेज प्राचार्य डॉ० कृष्णकांत गुप्ता के कर कमलों से सरस्वती माँ की ज्योति प्रज्ज्वलित कर किया गया। विभागाध्यक्ष डॉ० के० एल० कौशिक, डॉ० नरेश कामरा, श्रीमती नेहा गोयल तथा विभाग के अन्य सदस्यों ने प्राचार्य महोदय का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। इसके पश्चात् गणेश स्तुति तथा सरस्वती वंदना की नृत्य के साथ प्रस्तुति की गयी। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में छह टीमों ने भाग लिया जिनमें बी० एस० सी० ऑनर्स, बी० एस० सी०, एम० एस० सी० (मैथ्स) के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के बीच-बीच में छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये जिनमें संगीत, नृत्य और कविता आदि शामिल थे। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में अंजलि, मीनू, दीपक (बी० एस० सी० तृतीय वर्ष) ने प्रथम, सचिन, नवीन, पिंकी (एम० एस० सी० द्वितीय वर्ष) ने द्वितीय तथा भूपेंद्र, हरेंद्र ललिता (एम० एस० सी० प्रथम वर्ष) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में नैना, मुस्कान, शीतल ने प्रथम स्थान, छवि ने द्वितीय तथा पूजा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य महोदय ने जीवन में अपना लक्ष्य निर्धारित करने की सलाह दी तथा विद्यार्थियों को भविष्य में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। अंत में यह कार्यक्रम वंदना (वाईस प्रेसिडेंट मैथ्स क्लब) के धन्यवाद ज्ञापन के साथ संपन्न हुआ।